# जैव विविधता एवं सरंक्षण

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
   **1.उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में जैव विविधता ध्रुवीय क्षेत्रों से अधिक होती है।**
   **2.उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों से ध्रुवीय क्षेत्रों की ओर जाने पर जीवधारियों की संख्या घटती जाती है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1 और न ही 2
2. **निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   **1.किसी समुदाय के एक ही प्रजाति के जीवों के जीन की विविधता, आनुवंशिक विविधता कहलाती है।**
   **2.समान भौतिक लक्षणों वाले जीवों के समूह को प्रजाति कहते हैं।**
   **3.किसी विशेष क्षेत्र में जीव-जंतुओं के प्रजातियों की विविधता, पारितंत्रीय विविधता कहलाती है।**
   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3
3. **जैव विविधता के कम होने का मुख्य कारण है-**
   (a) आवासीय प्रदूषण
   (b) विदेशी प्रजातियों का आगमन
   (c) अत्यधिक दोहन
   (d) आवासीय विनाश
4. **संकटापन्न पौधों व जंतुओं की प्रजातियों के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु रेड डाटा बुक/रेड लिस्ट किस संस्था द्वारा जारी की जाती है?**
   (a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण (UNEP)
   (b) आईयूसीएन (IUCN)
   (c) वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड/ वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF)
   (d) वर्ल्ड नेचर ऑर्गेनाइजेशन (WNO)
5. **निम्नलिखित में से कौन-से कारक किसी भौगोलिक क्षेत्र में जैव विविधता के लिए संकट हो सकते हैं?**
   **1.वैश्विक तापन    2. जनसंख्या वृद्धि**
   **3.विदेशी जाति का संक्रमण**
   **4.शाकाहार को प्रोत्साहन**
   **निम्नलिखित कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
   (a) केवल1, 2 और 3
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 4
   (d) उपर्युक्त सभी
6. **वे प्रजातियाँ जिन्हें यदि संरक्षित नही किया गया तो उनके विलुप्त होने में सहयोगी कारक जारी रहे तो निकट भविष्य में उनके विलुप्त होने का खतरा है। प्राकृतिक संसाधनों व पर्यावरण संरक्षण की अंतर्राष्ट्रीय संस्था ने इस प्रकार के पौधों व जंतुओं की प्रजातियों को किस वर्ग में रखा है?**
   (a) संकटापन्न प्रजातियाँ
   (b) सुभेद्य प्रजातियाँ
   (c) दुर्लभ प्रजातियाँ
   (d) इनमें से कोई नहीं
7. **निम्नलिखित में से किस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय उद्यानों, अभयारण्यों की स्थापना की गई?**
   (a) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986
   (b) वन्य जीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2002
   (c) राष्ट्रीय वन नीति, 1988
   (d) वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972
8. **निम्नलिखित में से कौन-से भारत के प्रमुख पारिस्थितिकीय हॉटस्पॉट क्षेत्र है?**
   **1.पूर्वी हिमालय**
   **2.पश्चिमी घाट**
   **3.सुंदरवन डेल्टा**
   **कूट:**
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3
   (d) केवल 1 और 2
9. **ये विशेष प्रकार के भौमिक और तटीय पारिस्थितिक तंत्र हैं, जिन्हें यूनेस्को (UNESCO) के मानव और जैवमंडल प्रोग्राम (MAB) के अंतर्गत मान्यता प्राप्त है। उपर्युक्त विवरण संबंधित है-**
   (a) जैवमंडल निचय



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

(b) नेशनल पार्क
(c) वन्यजीव अभयारण्य
(d) पक्षी अभयारण्य

**10. पृथ्वी की सतह पर सूर्यातप की तीव्रता की मात्रा में प्रतिदिन, हर मौसम और प्रतिवर्ष परिवर्तन आता रहता है। इसके प्रमुख कारण है-**
**1.पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना**
**2.सूर्य की किरणों का नति कोण**
**3. दिन की अवधि**
**4.वायुमंडल में पादर्शिता**
**कूट:**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) उपर्युक्त सभी

**11. पारिस्थितिक दृष्टिकोण से, पूर्वी घाटों और पश्चिमी घाटों के बीच एक अच्छा संपर्क होने के रूप में निम्नलिखित में से किसका महत्त्व अधिक है?**
(a) सत्यमंगलम बाघ आरक्षित क्षेत्र
(b) नल्लामला वन
(c) नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
(d) शेषाचलम जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र

**12. निम्नलिखित में से कौन-सा नेशनल पार्क पूर्णतया शीतोष्ण अल्पाइन कटिबंध में स्थित है?**
(a) मानस नेशनल पार्क
(b) नामदफा नेशनल पार्क
(c) नेओरा घाटी नेशनल पार्क
(d) फूलों की घाटी नेशनल पार्क

**13. जैव विविधता के साथ-साथ मनुष्य के परंपरागत जीवन के संरक्षण के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीति निम्नलिखित में से किस एक की स्थापना करने में निहित है?**
(a) जीवमंडल निचय (रिजर्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय उपवन
(d) वन्यजीव अभयारण्य

**14. निम्नलिखित में से तीन मानकों के आधार पर पश्चिमी घाट श्रीलंका एवं इंडो-बर्मा क्षेत्रों को जैव विविधता के प्रखर स्थलों (हॉटस्पॉट्स) के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है-**
**1.जाति बहुतायतता**
**2.वानस्पतिक घनत्व**
**3.स्थानिकता**
**4.मानवजाति-वानस्पतिक महत्त्व**
**5.आशंका बोध**
**6.वनस्पति एवं प्राणिजाति का उष्ण व आर्द्र परिस्थितियों के प्रति अनुकूलन**
**उपर्युक्त में से कौन-से तीन मानक इस संदर्भ में सही हैं?**
(a) 1, 2 और 6
(b) 2, 4 और 6
(c) 1, 3 और 5
(d) 3, 4 और 6

**15. हिमालय पर्वत प्रदेश जाति विविधता की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। इस संवृति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारण सबसे उपयुक्त है?**
(a) यहाँ अधिक वर्षा होती है जो प्रचुर वनस्पति वृद्धि को बढ़ावा देती है।
(b) यह विभिन्न जैव भौगोलिक प्रदेशों का संगम है।
(c) इस क्षेत्र में विदेशज तथा आक्रामक जातियाँ प्रवेश नहीं कराई गई हैं।
(d) यहाँ मनुष्यों का कम हस्तक्षेप है।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल वनस्पति संरक्षण हेतु स्वस्थाने पद्धति नहीं है?**
(a) जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (बायोस्फीयर रिजर्व)
(b) वानस्पतिक उद्यान
(c) राष्ट्रीय पार्क
(d) वन्यप्राणी अभयारण्य

**17. फेजेर्वर्या गोमची (Fejervarya goemchi) संबंधित है-**
(a) नागालैंड में खोजे गए एक नव बैक्टीरिया से।
(b) अंडमान द्वीप में खोजे गए एक नव फल प्रजाति से।
(c) पश्चिमी घाटों में खोजे गए एक नव मेंढक प्रजाति से
(d) आंध्र प्रदेश में खोजे गए एक नव कैटफिश से।



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213

**18. बायोस्फीयर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.बफर जोन में किसी भी अनावश्यक मानवीय गतिविधि की छूट नहीं है।**
**2.कोर क्षेत्र में शोध कार्य, पर्यावरण शिक्षा, प्रशिक्षण, पर्यटन आदि की अनुमति है।**
**3.संक्रमण मंडल कोर क्षेत्र के चारों ओर विस्तृत क्षेत्र है। इस क्षेत्र में विकासात्मक गतिविधियाँ संपन्न हो सकती हैं।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.संरक्षित वनों में जब तक अनुमति न हो सभी गतिविधियाँ प्रतिबंधित होती हैं।**
**2.आरक्षित वनों में जब तक प्रतिबंधित न किया जाए सभी गतिविधियाँ होती हैं।**
**कूट**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**20. निम्नलिखित में से कौन संरक्षित क्षेत्रों की श्रेणी नहीं है?**
(a) वन्यजीव अभयारण्य
(b) संरक्षण रिज़र्व
(c) सामुदायिक रिजर्व
(d) संयुक्त वन प्रबंधन

**21. MIKE संरक्षण कार्यक्रम इनमें से किस जीव से सबंद्ध है?**
(a) बाघ
(b) मगरमच्छ
(c) हाथी
(d) गैंडा

**22. निकोबार फ्लाइंग फॉक्स के संबंध में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?**
**1. निकोबार फ्लाइंग फॉक्स भारत का स्थानिक प्राणी है।**
**2.यह घोर संकटग्रस्त प्रजाति है।**
**3.वनों के विनाश के कारण प्राकृतिक आवास की हानि से यह खतरे में है।**
**कूट:**
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1.तीर्थन, सैंज, जीवानल और पार्वती जैसी नदियाँ इस राष्ट्रीय उद्यान से गुजरती हैं।**
**2.इस राष्ट्रीय उद्यान को यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल में शामिल किया है।**
**यह राष्ट्रीय उद्यान है-**
(a) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(b) सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान
(c) पेरियार राष्ट्रीय उद्यान
(d) ग्रेट हिमालयन राष्ट्रीय उद्यान



उत्कर्ष JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213